तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024

08 ग्रामीणों से सहयोग लेकर आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं ...

09 जुआ के खिलाफ बिरेझर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 18 जुआरी गिरफ्तार




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### कोसमर्रा में आज मड़ई

**अंवरी।** कोसमर्रा में कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरूनानक जयंती पर इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीण डकलु साहू, रुपेन्द्र साहू, लेखराम यादव ने बताया कि मेला स्थल में शिव मंदिर है। इसके गर्भगृह में प्राचीन शिवलिंग है। ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए बाजार चौक में जय श्री मामा-भांचा खोकसा का नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### निशांत का एमबीबीएस में चयन

**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा निवासी निशांत साहू का एमबीबीएस में चयन हुआ है। वे एबीओ फिंगेश्वर हेमंत कुमार साहू-खेमीन साहू प्रधानपाठिका के पुत्र हैं। इनके चयन पर तुलसराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, राजेश साहू, ओमप्रकाश साहू, रुक्मणि साहू, लता साहू, भावेश साहू, नीतीश, प्रतीक, मानसी ने हर्ष जताया है।



### हटकेशर वार्ड में 24 से श्रीमद् भागवत

**धमतरी।** स्थानीय हटकेशर वार्ड के गोंडवाना भवन में 24 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हटकेशर निवासी श्रीमती जागेश्वरी-गोकुलराम देवांगन द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक पंडित अयोध्याप्रसाद शास्त्री होंगे।

### कठौली में आज कविता वासनिक का कार्यक्रम

**सिर्री।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम कठौली में 15 नवंबर को अनुराग कला एवं साहित्य संस्था कठौली के तत्वावधान में कविता वासनिक कृत लोक सांस्कृतिक संस्था अनुराग धारा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू व विशिष्ट अतिथि तामेश्वरी साहू जनपद सदस्य और पूर्णेंद्र देव साहू सरपंच प्रतिनिधि कठौली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कविता साहू कठौली करेंगी। कार्यक्रम की तैयारी में कार्यक्रम संयोजक प्रशांत सोनवानी, राजकुमार निषाद, विरेंद्र नगारची, परमेश्वर निषाद, जितेंद्र साहू, टिकेश्वर विश्वकर्मा सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।



जिले के सभी 100 धान उपार्जन केन्द्रों में हजारों किसानों ने बेची अपनी उपज, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आगाज, किसानों में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरूवार को जिले के सभी 100 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का शुभारंभ हो गया। अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों के चेहरे पर रौनक देखते ही बन रही थी। परंपरानुसार सभी उपार्जन केन्द्रों में किसान, जनप्रतिनिधि, नेता अधिकारियों ने इलेक्ट्रानिक कांटों की पूजा अर्चना कर तौलाई प्रारंभ कराई। नोडल अधिकारी सहित सोसाइटी प्रबंधक एवं कर्मचारी अपने-अपने केन्द्रों में सुबह से मौजूद रहे।



धान खरीदी के पहले दिन कलेक्टर नम्रता गांधी ने धान उपार्जन केन्द्र अछोटा, लीलर, माकरदोना का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के सभी 100 उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सहूलियत रखने तथा तय मापदंड अनुसार धान खरीदी पर बल दिया। कलेक्टर ने व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुराने बारदाने को पलटकर मार्का लगाने, चबूतरा, बैनर पोस्टर, ड्रेनेज, पेयजल, माईक्रो एटीएम, स्टेक, तिरपाल, टोल फ्री नंबर, कांटा बाट सत्यापन, नमी मापक यंत्र, प्राथमिक उपचार किट आदि व्यवस्था की जानकारी लेकर केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिये। कलेक्टर ने धान विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से फीडबैक लिया।

धान बेचने लीलर उपार्जन केन्द्र पहुंचे किसाना दयाराम ने बताया कि वह 72 क्विंटल धान विक्रय करने पहुंचा है। उन्होंने कहा कि धान बेचने में कोई परेशानी नहीं आई। 3100 रूपये क्विंटल में धान खरीदी से वे काफी खुश हैं। भंवरमरा के किसान राममिलन साहू ने 18 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने रियल 11 किस्म धान की उपज ली थी। उन्होंने बताया कि उपज की राशि मिलने पर वे शेष पेज 09 पर

### अवैध परिवहन, भंडारण के लिए उड़नदस्ता टीम बनी

प्रदेश के बाहर से आने वाले धान तथा अवैध भंडारण पर लगाम लगाने जिले में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। उड़नदस्ता टीम में राजस्व, मंडी, कृषि, सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं। जिले के सीमाई क्षेत्र बोराई, बांसपानी, बनरौद, सांकरा, सिंगपुर में जांच के लिए चेक पोस्ट बनाए गए हैं। इस साल 45 दिनों तक धान की खरीदी होगी।

### उड़नदस्ता दल ने चर्रा में 40 कट्टा अवैध धान पकड़ा

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर अवैध धान के भण्डारण और परिवहन की जांच करने राजस्व, खाद्य विभाग और सहकारिता एवं मंडी के अधिकारियों का दल गठित किया गया है। दल द्वारा जिले के अवैध धान भण्डारण और परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल कुरूद द्वारा ग्राम चर्रा स्थित पन्नालाल देवांगन के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। जांच में 40 कट्टा अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान के भण्डारण, परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।



### ऑनलाइन टोकन में लिमिट सिस्टम समाप्त

गत वर्ष 60 प्रतिशत ऑनलाइन तथा 40 प्रतिशत आफलाइन टोकन काटने का सिस्टम था। इस साल 100 प्रतिशत ऑनलाइन टोकन काटा जा रहा है। पूर्व में वर्षों में बड़े किसानों को तीन बार में धान बेचने की व्यवस्था थी लेकिन इस बार लिमिट व्यवस्था नहीं होने से बड़े किसान एक साथ अपनी उपज बेच पा रहे हैं। उपार्जन केन्द्र के प्रबंधकों के अनुसार पहले लिमिट सिस्टम से एक दिन में 45 से 50 छोटे-बड़े किसान धान बेचते थे। वह अब 30-35 किसान के धान से खरीदी लिमिट पूरी हो जा रही है। प्रबंधकों का कहना है कि शुरूआती दौर में कोई परेशानी नहीं है लेकिन बाद में धान उठाव के समय दिक्कतें हो सकती हैं।

### 1.17 लाख क्विं. के विरूद्ध 65.50 हजार क्विं. की खरीदी

नोडल अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी के लिए प्रथम दिवस 2818 किसानों से 1,17,231.60 क्विंटल धान की खरीदी करने का टोकन जारी किया गया। शाम 6 बजे उपार्जन केन्द्रों से मिली जानकारी में 65548 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी का आंकड़ा अपडेट होने पर और बढ़ सकता है। लोहरसी धान उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक लिकेश देवांगन ने बताया कि गुरूवार के लिए 32 किसानों से 1184 क्विंटल धान खरीदी का टोकन काटा गया था। सभी 32 किसान धान बेचने के लिए पहुंचे, जिसमें से एक किसान तरूण पिता गरीबदास धान में नमी का प्रतिशत 22.90 पाया गया जिसके कारण उनका धान वापस भेजा गया है।

### धान खरीदी से संबंधित पोस्टर चस्पा

धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी से संबंधित पोस्टर चस्पा किया गया है, जिसमें सूखा, स्वच्छ साफ सुथरा एफएक्यू, क्वालिटी का धान खरीदा जाएगा। धान लाने के पूर्व समिति में ऋण पुस्तिका लाकर टोकन कटवाना अनिवार्य है। धान विक्रय के दौरान किसी भी परेशानी के लिए 18002333663 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। धान खरीदी की अधिकतम सीमा प्रति एकड़ 21 क्विंटल है। ऑनलाइन टोकन तुंहर द्वार ऐप डाउनलोड कर टोकन कटाया जा सकता है। धान विक्रय के दौरान ऋण पुस्तिका एवं सेविंग एकाउंट का पासबुक लाना जरूरी है।

# शराबी युवक की धमकी से भयभीत छात्रा ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शराबी युवक द्वारा स्कूल जाने पर हत्या करने की धमकी देने से भयभीत स्कूली छात्रा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

■ ग्राम परसतराई की घटना

अस्पताल चौकी पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई निवासी भाग्यश्री साहू पिता टेकेश्वर उम्र 15 वर्ष ग्राम लोहरसी के एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही थी। छात्रा के स्कूल आने व जाने के दौरान ग्राम लोहरसी का एक शराबी युवक हमेशा परेशान करता रहता था। बुधवार को भी उक्त युवक ने परसतराई पहुंचकर उसके घर के सामने गाली-गलौज कर छात्रा को गुरूवार को स्कूल जाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। युवक की धमकी से छात्रा व परिजन काफी भयभीत हो गये। परिजनों ने गुरूवार को छात्रा को स्कूल नहीं भेजा। पिता व उसकी मां काम करने खेत चले गये। इस दौरान छात्रा घर पर अकेली थी। दोपहर में पिता जब खाना खाने घर पहुंचा तो बेटी को फांसी के फंदे पर लटका पाया। छात्रा के जीवित होने के अंदेशा के चलते परिजनों ने फंदा काटकर छात्रा को नीचे उतार तत्काल उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



### हत्या करने की धमकी दी थी

अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सीआर पनागर ने बताया कि ग्राम परसतराई की एक छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतिका के पिता ने बताया कि लोहरसी के एक शराबी युवक ने छात्रा को स्कूल जाने पर हत्या कर देने की धमकी दी थी।

# कोपेडीह में 60 लीटर महुआ शराब पकड़ाई





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमले द्वारा जिले में लगातार अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

■ आबकारी अमले ने की कार्रवाई

जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि भखारा के ग्राम कोपेडीह में दल द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 60 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। साथ ही 2500 किलोग्राम महुआ लाहन को नष्ट कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गयी।

इस दौरान सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी प्रद्युम्न नेताम, आबकारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा, निशांत साधु, आशीष ध्रुव सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।


# पड़ोसी ने किया युवक पर चाकू से हमला, हाथ की नसें कटीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुरानी रंजिश पर पड़ोसी ने घर घुसकर युवक पर धारदार चाकू से हमलाकर दिया। इस हमले में युवक की नसें कट गई, जिसे तत्काल आपरेशन कर जोड़ा गया।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बिंद्रानवागांव निवासी दिनेश ढीमर पिता ढेलूराम उम्र 45 वर्ष मजदूरी का कार्य करता है। जमीन व बाउंड्रीवाल को लेकर उसका पड़ोसी सुरेंद्र ध्रुव उससे दुश्मनी रखता है। घटना से पहले पड़ोसी कई बार लड़ाई झगड़ा कर चुका है। गुरुवार की सुबह 10.30 बजे दिनेश अपने घर के आंगन में बैठकर मछली पकड़ने की जाली सौंखी की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी सुरेंद्र पुरानी रंजिश के चलते उसके घर में घुसकर आंगन में बैठे दिनेश की गर्दन पर धारदार चाकू से वार कर दिया। दिनेश ने चाकू के हमले को रोकने अपने हाथ को आगे कर दिया। इससे दिनेश की गर्दन चाकू लगने से बच गई लेकिन इस हमले में उसके बायें हाथ में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग गया।

■ बिंद्रानवागांव की घटना : तत्काल आपरेशन कर नसों को जोड़ा गया



जानकारी मिलने पर परिजन घायल के हाथ में गमछा लपेटकर उसे रूद्री थाना ले गए। रूद्री पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई। माइनर ओटी में प्राथमिक उपचार के दौरान युवक के हाथ से खून बंद होने का नाम नहीं ले रहा था। घायल को तत्काल आपरेशन थियेटर ले जाया गया। सर्जन डा. उत्कर्ष नंदा द्वारा घायल के हाथ की सर्जरी कर ब्लड सप्लाई की मुख्य नसों को वापस जोड़ा गया। फिलहाल युवक को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। रूद्री पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्जकर कार्रवाई में जुट गई है।

### हाथ की सर्जरी की गई

सर्जन डा. उत्कर्ष नंदा ने बताया कि चाकू के हमले से युवक के हाथ की नसें कट गई हैं।प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल आपरेशन थियेटर ले जाकर सर्जरी की गई है। युवक की हालत पहले से बेहतर है। डा. मधुप ने बताया कि घायल को अस्पताल लाने में देर होती तो उसकी जान बच पाना संभव नहीं था।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
BEFORE AFTER
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

स्वामी जी 93406-38884
Vaidyanath Bhimashankara Mallikarjuna Kedarnath Trayembakeswar Nagneswar Kashi Vishwanath Omkaresswar Mahakaleswar Rameshwaram Somnath Grishneswar
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक: 14 नवंबर 2024, 22 दिसंबर 2024, 20 जनवरी 2025, 23 फरवरी 2025, 27 मार्च 2025, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केंद्र किनारे पेड़ में किसान ने लगाई फांसी

**अंवरी।** भखारा थाना क्षेत्र ग्राम गातापार धान खरीदी केंद्र किनारे पेड़ में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार के अनुसार गातापार (कोर्रा) निवासी हिम्मत साहू पिता दूजराम साहू उम्र 45 वर्ष की लाश ग्रामीणों ने सुबह देखी। खरीदी केंद्र से लगे हुए पेड़ में युवक की लाश फंदे पर लटकी मिली है। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा भखारा थाना को दी गई। सूचना पाकर भखारा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और विवेचना में जुट गई। भखारा पुलिस ने बताया कि मृतक तीन साल से डायलिसिस की बीमारी से पीड़ति था। किडनी व लीवर में पानी भरने से वह परेशान था। रात में शराब के नशे में धुत होकर फांसी लगा ली। पुलिस ने लाश को फंदे को उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम पश्चात लाश परिजनों को सौंप दिया गया।

विधायक ने जोरातराई (सि) में किया विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

# ग्रामीणों से सहयोग लेकर आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं पंच-सरपंच : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सड़क, बिजली, पानी, नाली, भवन की मांग हमेशा चलती रहेगी। इससे गांव का भौतिक विकास तो दिखेगा पर सामाजिक नहीं। मैं चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र का हर गांव भौतिक के साथ-साथ सामाजिक एवं बौद्धिक रूप से प्रगति करते हुए एक आदर्श ग्राम बने। इसके लिए पंच-सरपंचों को ग्रामीणों की मदद लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। गुरुवार को विधायक चंद्राकर ग्राम जोरातराई (सि) में विधायक निधि, मंडी बोर्ड एवं डीएमएफ से सीसी रोड निर्माण, कव्हर्ड शेड निर्माण, रंगमंच निर्माण का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान श्री चंद्राकर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य होता रहेगा जो भी काम बाकी है, वह भी हो जायेगा। लेकिन मैं चाहता हूं कि आपके पास उपलब्ध संसाधनों से अपने आप का भी विकास करें। आपकी सामाजिक भागीदारी दिखे। गांव में जो भी दुर्व्यसन व सामाजिक बुराई हो वह समाप्त हो। बौद्धिक विकास के लिए क्या जरूरतें हैं उसके लिए मांग पत्र दिखे ताकि आपके गांव एक आदर्श गांव बन सके।

मौके पर पर भाजपा नेता भीम देव साहू, आनंद यदु, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, नंदकुमार साहू, हरीश चंद्राकर, गीतेश्वरी साहू, सरपंचगण कोर्रा चोवाराम साहू, सेमरा खिलेश्वरी निषाद, सिलौटी तारा राव, उपसरपंच तोपसिंह साहू, हेमलाल साहू, लोकनाथ साहू, तेजराम साहू, अंजुलाल साहू, भानू राम साहू, यीशु गंजीर, दानीराम साहू, ओंकार साहू, हिरामन, द्वारिका, इंद्राणी साहू, सुनीति साहू, भीखम गंजीर, पीलूराम, गिरधर साहू, दिलीप साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।





### भेंडरा व हंचलपुर में भी किया लोकार्पण-भूमिपूजन

श्री चंद्राकर ने इस दौरान सरपंच सविता गंजीर सहित आसपास गांव के उपस्थित पंच-सरपंचों से कहा कि आप ग्रमीणों की मदद से इस दिशा में कदम आगे बढ़ाएं। इसके लिए किसी भी प्रकार की शासकीय-प्रशासकीय मदद की जरुरत होगी उसे हरसंभव पूरा किया जायेगा। कुरुद विधानसभा के अंतिम छोर के गांव आदर्श ग्राम के रूप में अपनी पहचान बनाएं, मेरी ऐसा अपेक्षा है। इसके उपरांत विधायक ने विकास के संकल्प को साकार करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र कुरूद के ग्राम भेंडरा व हंचलपुर में सामुदायिक भवन, रंगमंच एवं नाट्यकला मंच, सीसी रोड निर्माण, नारी निकेतन भवन का भूमिपूजन व विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

## न्योता भोज पाकर बच्चों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



बाल दिवस माध्यमिक शाला गोजी के सभी बच्चों को देवलाल पाल ग्रामीण समाज सचिव द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। जिला साहू समाज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष व शिक्षा विद इंदु साहू ने बताया कि न्योता भोज प्रत्येक माह किसी न किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है।

मौके पर शाला के प्रधानपाठक टीएल निषाद, शिव कुमार साहू, कुलेश्वर साहू, मनोज नेताम, डोमन साहू, बिसन साहू, निर्मला नागरची, ग्रामीण अध्यक्ष, बरातूराम साहू, रामनाथ साहू, पोखराज साहू चिंवरी परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज, संतोष साहू तहसील सचिव, गौकरण साहू, माखन साहू, ठाकुर राम साहू, राजेंद्र साहू, युवराज साहू, मिठ्ठू साहू, कृष्ण कुमार साहू, वासुदेव साहू मौजूद थे।

# पहले ही दिन दो किसानों का धान हुआ वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

■ तहसीलदार कुसुम ने किया धान खरीदी केंद्र बेलरगांव का निरीक्षण

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हो गई। गुरुवार को बेलरगांव में आदिम जाति सेवा सरकारी समिति के अधिकारी कर्मचारी और कृषि विस्तार अधिकारी व ग्रामीणों ने कांटा पलवा की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। प्रथम दिन 2291 कट्टा धान की आवक हुई। तहसीलदार कुसुम प्रधान ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। सभी किसानों के धान का मॉइश्चर मशीन द्वारा चेक किया गया। इस दौरान दो किसानों का धान 17 परसेंट से अधिक नमी पाये के कारण टोकन कैंसिल कर धान वापस ले जाने का निर्देश दिया और फड़ प्रभारी को निर्देश दिया कि धान की नमी को चेक कर वाहन को अंदर प्रवेश करने दिया जाए ताकि किसानों को डबल मेहनत न करना पड़े। कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी कराकर किसानों को जानकारी देने की बात कही।



मौकेपर सरपंच अमर सिंह पटेल, दौवा लाल देवांगन, कैलाश नाथ प्रजापति, चमरू राम साहू, आदिम जाति सेवा समिति के अध्यक्ष नकछेड़ा मरकाम, लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव, नोडल अधिकारी गजेंद्र कुमार साहू, लीलेश कुमार सोम, फड़ प्रभारी कमलनारायण लोकेश, कंप्यूटर ऑपरेटर नूतन साहू, किसान चुन्नुलाल साहू, अशकरण पटेल, मनीराम साहू शत्रुघन साहू ,अश्वनी साहू, उमेश साहू, टिकेश्वर देवागन, गोपेन्द्र राठौर, बंशीलाल यादव, भोला बंजारे, धनराज धुव्र, महेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में किसान और हमाल उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

Gomti THRESHERS
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के कई अधिकारी रहे नदारद

■ ग्रामीणों ने शिविर लगाने के औचित्य पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

राज्य शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्या, मांग और शिकायतों के निराकरण के लिए विकासखण्ड नगरी के ग्राम बेलरगांव स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल परिसर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के अधिकारी नदारद रहे। शिविर में सिर्फ तीन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शिक्षा विभाग से डीईओ टीआर जगदल्ले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यूके कौशिक एवं महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का उपस्थित थीं। बाकी विभाग के अधिकारी शिविर में नहीं आए थे। जिला स्तरीय शिविर में अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर सवाल उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही शिविर में नहीं आए तो शिविर लगाने का क्या औचित्य क्या है।

बता दें कि इससे पूर्व भी ग्राम फरसियां में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया था लेकिन वहां भी जिले का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जिला प्रशासन सिर्फ फारमेल्टी निभाने एवं खानापूर्ति के लिए शिविर आयोजित करता है। ग्रामीणों ने बताया है कि समस्याओं को लेकर हमने तीन चार माह पूर्व भी आवेदन दिया था लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है।

## बच्चों ने न्योता भोज का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

अब बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष अवसर पर मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त आहार के रुप में भोजन दिया जा सकता है। इसी तारतम्य में 13 नवंबर को संकुल केन्द्र सेमरा (बी) के समन्वयक पंच कुमार ध्रुव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के सभी बच्चों को भोजन के साथ अतिरिक्त आहार के रूप में खीर- पूड़ी, बड़ा एवं मिठाई का वितरण किया गया। बच्चों को पेन भी दिया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ न्योता भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में शिक्षक राजेन्द्र टंडन, घनश्याम प्रसाद वर्मा, नारायण सिंह साहू, महेन्द्र साहू, पुरुषोत्तम सेन, डगेश्वर प्रसाद साहू, लीलेश्वर ग्वाल, लारेन्द्र पटेल, यदुनंदन साहू, राकेश साहू, फूलेश्वरी नेताम, मंजु सिन्हा, लीना गजपाल, अर्चना सोन, यशोदा महमल्ला, कुसुमलता साहू उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ



**नगरी।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरेगांव में समर्थन मूल्य पर किसानों का धान पूजा-अर्चना के बाद खरीदा गया। मौके पर नथनूराम, हेमन्त, रंजीत कुमार, अशोक, रोहित राम, सुधीर, महेन्द्र नाग, मनोज नेताम, मनोज, कहैन्या, यशवंत, दिनेश, मनीष, मोनेश कुमार कौशल, वरना सिंह, निखिल, ललित, सुकालू, बीतू, जागेश होरी, रविलाल, जेठू, सोसाइटी प्रबंधक धुमक लाल मंडावी समेत कर्मचारी व किसान उपस्थित थे।

### मोहंदी सोसाइटी में धान खरीदी की हुई बोहनी



**मगरलोड।** गुरुवार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहंदी सोसाइटी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। किसानों व कर्मचारियों ने धान खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक कांटा की पूजा- अर्चना की। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सीबी साहू, समिति प्रबंधक जगदीश्वर नाथ साहू, लेखापाल गोपाल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक साहू, विक्रेता सेवक साहू, राजेन्द्र निषाद, लोकू साहू, फागू मंडावी, शेखन यादव, डोमार ध्रुव, किसान शंभू निषाद, जनक साहू, राधे श्याम सिन्हा, हरिशचंद्र कंवर, महेश सिन्हा, राकेश निषाद, दशरथ राम सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### शुभारंभ पर दो किसानों से खरीदा धान



**नगरी।** नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम घुरावड़ में दो किसान प्रमोद मरकाम बरबांधा, मोहन बंजारे का धान खरीदकर का धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। माप-तौल का विधि-विधान से पूजा पाठ किया गया। मौके पर नोडल अधिकारी नगरी बसंत साहू , पंकज साहू पटवारी, किशन साहू, अजय साहू, मनोहरदास मानिकपुरी महामंत्री भाजपा मंडल बेलरगांव, वेदकुमार गंजीर, रतनलाल कोर्राम ग्राम पटेल, तिलकराम नेताम, बिदेराम नेताम, लोहराराम कोटवार, महेश नेताम, डिगेश कोटवार भुरसीडोंगरी, मोहन कोटवार बरबांधा, लक्ष्मीनाथ, डिगा कोर्राम, नरेन्द्र मरकाम समेत अनेक किसान उपस्थित थे।

### खिसोरा सोसाइटी में धान खरीदी शुरू



**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति मर्यादित खिसोरा में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक नकद एवं लिंकिंग के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जायेगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नत योजना के तहत अंतर राशि को किसानों के खाते में हस्तांतरण किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, रोहित साहू अध्यक्ष खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज, राजेश साहू जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, जीवन सेन पूर्व अध्यक्ष सोसाइटी, रामकुमार यादव, हरिश्वर साहू भाजपा नेता, नोडल अधिकारी केएस नरेटी, व्यवस्थापक भोलेश्वर साहू समेत सोसाइटी के कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित थे।

### सशिमं आमदी में मनाया गया बाल दिवस



**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमदी में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, नृत्य की प्रस्तुति दी गई। छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अतिथि अनुपम बर्मन बॉलीवुड गायक, विक्की जेस गीतकार एवं लेखक, नरेंद्र कंवर अभयराम मुख्य लेखापाल धमतरी थे। कार्यक्रम में प्राचार्य जनकराम साहू, प्यारेलाल, लोमेश्वर साहू, चन्द्रहास साहू, प्रीतम साहू, भूमेश पटेल, नंदूराम, उर्मिला साहू, चमेली साहू, प्रेमा साहू, लक्ष्मी साहू, नर्मदा का सहयोग रहा।

### निधन : लक्ष्मीलाल लोढ़ा



**धमतरी।** जैन समाज के प्रतिष्ठित सुश्रावक लक्ष्मीलाल लोढ़ा सुपुत्र स्व. बस्तीमल लोढ़ा का आकस्मिक निधन 14 नवंबर गुरुवार को हो गया। अंतिम यात्रा आज 15 नवंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान गोलबाजार के पास से निकलेगी। वे उत्तमचंद, रमनलाल, सुभाषचंद लोढ़ा के छोटे भाई, गोलू एवं गुंजन लोढ़ा के पिता और शौर्य, शिवांश लोढ़ा के दादाजी थे।

कॉर्पोरेटिव बैंक कुरुद के 9 उपार्जन केंद्रों में पहले दिन 13351 क्विंटल धान की हुई आवक

# धान खरीदी शुरू होने से किसानों के चेहरे पर बिखरी खुशियां



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए सोसाइटियों में 14 नवंबर से पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी शुरू कर दी गई है। जिला सहकारी बैंक कुरुद अंतर्गत आने वाले 9 उपार्जन केंद्रों में प्रथम दिवस 321 किसानों ने 13351 क्विंटल धान का विक्रय कर रसीद प्राप्त की।

गुरुवार को कुरूद व चर्रा सोसाइटी में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कुरुद के शाखा प्रबंधक टिकेंद्र बैस, दीपक बैस, चंद्रशेखर चन्द्राकर, श्याम साहू, राधेश्याम चंद्राकर, सोसाइटी प्रबंधक श्री बांसकर, रमाकांत सेन ने पूजा-अर्चना कर खरीदी प्रारंभ की।

श्री बैस ने बताया कि कुरूद शाखा अतंर्गत 9 सोसाइटियों के 9 उपार्जन केन्द्र अंतर्गत कुरूद में पहले दिन 45 कृषकों से 1840 क्विंटल, कुहकुहा में 14 कृषकों से 797 क्विंटल, गाड़ाडीह में 39 किसानों से 1791.60 क्वि., बगौद में 49 कृषकों से 1984.40 क्वि., कातलबोड़ में 25 सदस्यों से 974.80 क्विंटल, भाठागांव में 30 किसानों से 1409 क्विंटल, मंदरौद में 50 सदस्यों से 1918 क्विंटल, सिवनीकला में 30 किसानों से 1084.80 और चर्रा में 39 किसानों से 1551 क्विंटल धान की खरीदी प्रथम दिवस की गई।

### नेटवर्क समस्या से थंब लगाने में हुई परेशानी

बता दें कि पिछले पखवाड़ेभर से सोसाइटियों में धान खरीदी के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी थी। गुरुवार की सुबह से ही थान खरीदी केंद्रों में किसान अपनी उपज लेकर बिक्री के लिए पहुंचे। जहां किसानों को इस बार धान की आवक दर्ज कराने के लिए बायोमेट्रिक थंब लगाना पड़ रहा है। प्रथम दिवस ही नेटवर्क समस्या से इस प्रक्रिया को पूरी करने में किसानों को घण्टों इंतजार करना पड़ा। ज्ञात हो कि इससे पहले किसानों ने सप्ताहभर से खरीदी केंद्रों में टोकन के लिए चक्कर भी लगाया था। बहरहाल प्रशासन ने व्यस्था दुरुस्त कर धान खरीदी शुरू कर दी है।

### 3100 की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की जा रही खरीदी

मिली जानकारी के अनुसार कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की जा रही है। इधर जिला प्रशासन ने धान खरीदी के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की थीं। वहीं धान खरीदी केंद्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई है। इसके साथ ही धान खरीदी केंद्रों में कांटा बांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा था। साथ ही थान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने और आद्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने के निर्देश जिला प्रशासन ने दिए थे।

# जुआ के खिलाफ बिरेझर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 18 जुआरी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**दो जुआ फड़ से 1 लाख से अधिक की राशि पकड़ाई**

बिरेझर पुलिस ने जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते 18 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वहीं दो जुआ फड़ से 1 लाख रूपये से अधिक की राशि जब्त की है। जुआ के खिलाफ अभियान चलाकर बिरेझर चौकी पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चौकी क्षेत्र के ग्राम मड़ेली के भाठापारा चिराईया खार के पास मैदान में दो अलग-अलग जुआ फड़ में दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर पहले जुआ फड़ से मुकेश साहू 34 वर्ष, नवीन साहू 27 वर्ष, होमप्रकाश साहू 42 वर्ष, उत्तम साहू 28 वर्ष चारों ग्राम मड़ेली बिरेझर चौकी निवासी व शिवकुमार साहू 36 वर्ष ग्राम भलेरा थाना आरंग, लोकनाथ साहू 35 वर्ष ग्राम भलेरा, गंगादीन साहू 32 वर्ष निवासी देवपुरी टिकरापारा रायपुर, राजेन्द्र ठाकुर 36 वर्ष ग्राम मोहन्दी थाना अभनपुर, किशोर साहू 30 वर्ष ग्राम मोहन्दी थाना अभनपुर व कृष्ण नारायण साहू पिता जीवराखन 35 वर्ष बिरेझर चौकी क्षेत्र निवासी को रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपियों व जुआ फड़ से पुलिस ने कुल 59 हजार 850 रूपये जब्त किये। इसी तरह पुलिस ने ग्राम मड़ेली भाठापारा के चिराईया खार के पास के मैदान में लगे दूसरे जुआ फड़ से योगेश्वर साहू 35 वर्ष ग्राम जीजामगांव चौकी बिरेझर, भीखम साहू 31 वर्ष ग्राम मूरा, लीलाराम साहू 31 वर्ष ग्राम मड़ेली, महेश साहू 48 वर्ष ग्राम ईर्रा थाना भखारा, कीर्तन साहू 60 वर्ष ग्राम मड़ेली, अनिल साहू 30 वर्ष ग्राम सिरसिदा थाना चारामा, थानूराम सिन्हा 41 वर्ष ग्राम केसरा थाना रानीतराई व अरूण साहू 40 वर्ष ग्राम कोर्रा थाना भखारा निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आठ आरोपी व जुआ फड़ से कुल 43 हजार 200 रूपये जब्त किए हैं। पुलिस ने कुल 1 लाख 3 हजार 50 रूपये व ताशपत्ती जब्त कर 18 आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

जुआ के खिलाफ की गई इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई चन्द्रकांत साहू, प्रआ शेषनारायण पांडेय, दारा चंद्राकर, सोहन ध्रुव, हेमू साहू, हरीश साहू, महेश पटेल, आरक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, कमलेश विश्वकर्मा, नंदू ध्रुव, विमल पटेल, सागर मिश्रा, गिरीश मिश्रा, भागवत खांडेकर, महेन्द्र सिन्हा, महिला आरक्षक प्राची गुप्ता एवं चौकी स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## गुरुनानक जयंती पर सिंधी समाज आज निकालेगा शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्री गुरूनानक देव महाराज की जयंती पर शुक्रवार को सिंधी समाज द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर 9 स्थानों पर भोग साहेब का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा से पहले दोपहर 12 बजे पूज्य श्री सिंधी पंचायत धर्मशाला में आम लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया है। शाम 4 बजे श्री चोईथराम मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी जो बालक चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, इतवारी बाजार, गर्ल्स स्कूल, शिव चौक, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक होते हुए पुनः श्री चोईथराम मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। इसके बाद पूज्य श्री सिंधी पंचायत धर्मशाला में प्रसादी वितरण होगा। यह जानकारी समाज अध्यक्ष चंदू जसवानी, मीडिया प्रभारी राजेश चावला ने दी है।

## आधार पंजीयन केंद्र संचालक हड़ताल पर, प्रमाण-पत्र बनाने लोग भटक रहे



- संचालकों ने मांगों के संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति के आव्हान पर धमतरी के आधार पंजीयन केन्द्र संचालकों ने भी गुरूवार से कामकाज बंद कर आंदोलन की राह पकड़ ली है। उनका कहना है कि शुरूआती दौर में तीन दिन तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। सभी संचालक अपनी दुकानें बंद कर ज्ञापन सौंपेंगे। तीन दिन के अंदर अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन के लिए धरने पर बैठेंगे। संघ के करण विश्वकर्मा, मुकेश राठौड़, कृष्णा शर्मा, योगेश सोनी आदि ने बताया कि गुरूवार को विभिन्न मांगों को लेकर जिले के सभी आधार पंजीयन केन्द्र बंद रहे। सभी सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर रायपुर राजधानी में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बैठक में सकारात्मक परिणाम आया है, अब शासन के आदेश का इंतजार है। मांगें पूर्ण हुईं तो सभी आधार पंजीयन संचालक अपनी दुकानें यथावत चालू रखेंगे।

इधर आधार सेवा केन्द्र बंद होने सैकड़ों हितग्राही भटकते नजर आए। नए पंजीयन और अपडेशन का कार्य नहीं होने से उन्हें वापस घर जाना पड़ा। एक पेंशनर ने बताया कि उनका आधार अपडेशन का कार्य बचा हुआ था जिसे अपडेट कराने आधार सेवा केन्द्र पहुंचे थे। हड़ताल के कारण अपडेशन का कार्य रूक गया। जीवित प्रमाण- पत्र बनाने में अपडेट आधार कार्ड की जरूरत पड़ेगी। जब तक आधार कार्ड अपडेट नहीं हो जाता जीवित प्रमाण -पत्र नहीं बनेगा। बैंकों में नवम्बर माह में ही जीवित प्रमाण- पत्र जमा करना होता है। दस्तावेज जमा करने पर ही पेंशन जारी होती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आगाज, किसानों में भारी उत्साह

रबी फसल के लिए दलहन, तिलहन का बीज खरीदेंगे। लीलर उपार्जन केन्द्र में 104 क्विंटल धान विक्रय के लिए पहुंचे किसान नीलकंठ तारण ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को दी जा रही सुविधाओं की सराहना की।

धान उपार्जन केन्द्र माकरदोना के किसान उत्तम कुमार ने 55.20 क्विंटल धान विक्रय किया। सिरौदखुर्द के किसान ने 89 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में किसानों को दी जा रही सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। भटगांव उपार्जन केन्द्र में धान बेचने पहुंचे श्यामतराई के किसान शोभित राम साहू ने 10 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने आधा एकड़ खेत में आईआर 64 किस्म का धान लगाया था। किसानों ने ऑनलाइन के जरिये धान विक्रय के लिए टोकन काटने की सुविधा की तारीफ की। श्यामतराई के किसान अशोक साहू, उपार्जन केन्द्र सोरम पहुंचे रूद्री के किसान हरकलाल, साहू दंपत्ति श्रीमती देवलता प्रीतम साहू आदि ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को दी जा रही सुविधा तथा ऑनलाइन टोकन सिस्टम को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। किसानों ने बताया कि ऑनलाइन से टोकन कटने से उन्हें सोसाइटियों में लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ी। समय की बचत भी हुई। किसानों ने धान विक्रय की राशि से बच्चों की उच्च शिक्षा, लोन राशि जमा, वाहन खरीदी, मकान निर्माण सहित घर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए खर्च करने की जानकारी दी।



# श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की लख-लख बधाईयां...

गुरूनानक देव जयंती
पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक बधाई
छाबड़ा कार श्रृंगार
कार एसेसिरीज एण्ड कार डेकोर
बस्तर रोड, धमतरी (छ.ग.)
मोंटी : 8357900000, 9977599420
सहयोगी संस्थान - छाबड़ा लॉज, बस्तर रोड, धमतरी

श्री गुरूनानक जयंती
की समस्त क्षेत्रवासियों को
लख-लख बधाईयां
विजय बोरवेल्स
5", 6", 7" का बोर घर, कुंआ, प्लाट एवं खेत में खनन का कार्य किया जाता है
पुराना नाका के आगे,
रत्नाबांधा रोड,
धमतरी (छ.ग.)
विजय धामेजा 98279-44016 / 94242-18558

भया अनंद जगत विच,
कल तारण गुरूनानक आया
श्री गुरूनानक जयंती
की लख-लख बधाईयां
खालसा ड्रायविंग स्कूल
संचालक हरजीत सिंघ खालसा
मो. 98938-25811
जसवंत कौर (ममता) खालसा
प्रदेश अध्यक्ष : महिला प्रकोष्ठ
छग संयुक्त शिक्षक संघ, धमतरी छग

श्री गुरूनानक देव जी
के प्रकाश पर्व पर
लख-लख बधाई
Unnati®
प्रकाश स्टील सेंटर
रत्नाबांधा चौक, धमतरी (छ.ग.)
फोन नं. 07722-236374
मो. 89624-37500 / 98261-19774

गुरूनानक जयंती
की समस्त क्षेत्रवासियों को
लख-लख बधाईयां
श्री भगवती बेकरी
एवं डेलीनिड्स
बिलाईमाता मंदिर रोड,
रामबाग, धमतरी
Baked Cookies, Sp. Nankhatai, Bakery, Toast & all Bakery Products Avl.
जन्मदिन, वर्षगांठ एवं पार्टी समारोह के लिए केक उपलब्ध है
राजेश राजपूत 9826163995, मयंक 8319253793 / प्रफुल्ल 8962680884

गुरूनानक देव जी
के अवतरण दिवस की
लख-लख बधाईयां
झूलेलाल स्टोर्स
पुराना बस स्टेंड
धमतरी
मो. 98261-54747
91119-10076
संतोष बोधवानी
मुकेश बोधवानी
सिजनेबल आईटम
रंग पिचकारी, राखी, कापियां, पटाखे,
डिस्पोजल आइटम एवं सिल्वर थाली,
दोना के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

श्री गुरूनानक देव जी
के अवतरण दिवस पर
समस्त नगरवासियों को
लख-लख बधाईयां
"हर ताले की चाबी उसके हाथ में है
मेरे गुरूनानक की कृपा
जिसके साथ है"
अरविंदर सिंघ मुण्डी
अध्यक्ष
द एसोसिएशन ऑफ ट्रक ओनर्स धमतरी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा धमतरी

गुरूनानक देव जयंती
के अवतरण दिवस
पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मेहताब सिंग गैरेज
सिहावा चौक धमतरी
... ट्रांसपोर्टिंग डेली सर्विस ...
रायपुर से धमतरी, धमतरी से बोराई,
नगरी, बेलर, सिहावा तक ट्रांसपोर्टिंग
अमरजीत सिंघ खालसा
मो. 93007-76447

श्री गुरूनानक देव जी
महाराज दे
प्रकाश पुरब दी
लख-लख
बधाईयां
रिंकू वीरा
राजा वीरा
9827468844, 9907900383

गुरूनानक देव जी जयंती पर
लख-लख बधाईयां
आयुष-अयांश धामेजा
माँ बोरवेल्स
गोकुलपुर चौक, रूद्री रोड, धमतरी
हमारे यहां डग बोर एवं
कम्प्रेशर मशीन द्वारा 5, 6
व 8 इंच के बोर किए जाते
हैं एवं बजरी के विक्रेता
प्रो. संजय धामेजा
आंचल धामेजा
90984-07755/99776-76464

गुरूनानक देव जी
के अवतरण दिवस पर
समस्त नगरवासियों को
हार्दिक बधाई
- शुभेच्छु -
भोलेनाथ का एक भक्त

समस्त धमतरीवासियों को
गुरूनानक देव जी
के अवतरण दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू मलाप ट्रांसपोर्ट
सिहावा रोड, धमतरी
जगजीवन सिंघ सिद्धू
(जीवा)
प्रधान जी
गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा धमतरी
8839949304

अनुराग मसीह जी
सभापति नगर निगम धमतरी
पंकज महावर जी
विपीन साहू जी
वसीम कुरैशी जी
नरेश जसूजा जी
समस्त क्षेत्रवासियों को
गुरूनानक देव जी
के
प्रकाश पर्व
की लख-लख बधाईयां
गुरूमुख सिंह होरा जी
उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस
पूर्व विधायक
हरमीत सिंह होरा जी
अध्यक्ष
नागरिक बैंक
राहुल बख्तानी
सुमीत जैन

समस्त क्षेत्रवासियों को
गुरूनानक देव जी
के प्रकाश पर्व
की लख-लख बधाईयां
धमतरी में होर्डिंग्स के लिए संपर्क करें
ग्लोबल
एडवरटाईजमेंट
9039837000

प्रस्तुति : उमेश सिंग वशिष्ठ, ब्यूरो प्रमुख, रवि सिंह राजपूत, मार्केटिंग इंचार्ज, धमतरी